दिनांक 14 अगस्त 2024 को आयोजित प्लेसमेंट प्रक्रिया में 32 छात्रों को नौकरी मिली।

जनता कालेज, बकेवर (इटावा)२०६१२४

अतिआवश्यक सूचना

14.10.2024

कालेज के पूर्व/अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि 14-10-2024 को प्रातः 11:00 बजे से संगोष्ठी कक्ष में जिनेवा क्राप साइंस प्राइवेट लिमिटेड और वमशा एग्रो इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विद्यार्थियों का चयन होना प्रस्तावित है। कम्पनी के अनुसार उनके पास दो पहिया वाहन के साथ-साथ ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है।

इच्छुक विद्यार्थी अपनी पूरी तैयारी के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

07.10.24

(डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी)
प्राचार्य

(डॉ संजय कुमार विश्वकर्मा)
प्लेसमेंट सेल
जनता कालेज, बकेवर (इटावा)

जनता कॉलेज बकेवर मे छात्रों को मिला रोजगार।

जनता कॉलेज सेवायोजन एवं कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव चलाकर कॉलेज छात्रों को रोजगार अवसर प्रदान किया।

जेनेवा क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड आगरा और वमशा एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 97 छात्रों ने भाग लिया, जिनेवा कंपनी के प्रतिनिधि श्री रवि कुमार भारद्वाज ने जिनेवा कंपनी के बारे में विधिवत जानकारी दी, वमशा एग्रो के डायरेक्टर श्री शशांक भारद्वाज ने कृषि के छात्रों को स्वरोजगार की तरफ प्रेरित किया और कहा कि वर्मी कंपोस्ट ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड का निर्माण हम अपने घर पर ही कर सकते हैं जिससे हम अपनी आय को बढ़ाकर अन्य को भी रोजगार देने का काम कर सकते हैं उन्होंने सभी छात्रों को निशुल्क ट्रेनिंग देने की बात की और कहा जो भी विद्यार्थी ट्रेनिंग का इच्छुक है वह अपना रजिस्ट्रेशन कर हमारे साथ मिलकर काम कर सकता है साथ ही साथ उसकी सैलरी के रूप में आय भी प्राप्त होगी सेवायोजन व कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. संजय कुमार विश्वकर्मा ने कॉलेज के बारे में सभी जानकारी दी, और कहा कि हमारे छात्र पूर्ण लगन से पूर्ण निष्ठा से पूर्ण अनुशासन में आपकी कंपनी में नियुक्त होकर आपका और कॉलेज का तथा अपना नाम रोशन करेंगे हमने जो संस्कार दिए हैं वह सर्वोपरि है कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर पी के राजपूत ने विद्यार्थियों को अपनी डिग्री करने के बाद कैसे सफल हो और अधिक ऊंचाई तक पहुंचकर अधिक आय अर्जित कर पाए इसके मूल में जाकर छात्रों को प्रेरित किया   कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजेश किशोर त्रिपाठी जी ने चयन हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाये दी और बाहर से आए हुए डायरेक्टर   को धन्यवाद दिया। दोनो कम्पनी द्वारा लगभग 32 विद्यार्थियों का चयन हुआ।

कृषि छात्र भ्रमण कार्यक्रम जैव उर्वरक एवं जैविक कृषि (रावे)
वमशा एग्रो इण्डस्ट्रीज प्रा. लि.
ISO:9001: 2015 Certified Company
जनता कालेज, बकेवर, इटावा
के संयुक्त तत्वावधान में
Samsung Galaxy A04e
October 14, 2024

कृषि छात्र भ्रमण कार्यक्रम जैव उर्वरक एवं जैविक कृषि (रावे)
वमशा एग्रो इण्डस्ट्रीज प्रा. लि.
जनता कालेज, बकेवर, इटावा
Samsung Galaxy A04e
October 14, 2024

GPS Map
Camera Lite
M56C+MWM, Lakhna Rd, Bakewar, Uttar Pradesh 206124, India
Latitude
26.66176833333333°
Longitude
79.17230666666666°
Local 12:08:13 PM
GMT 06:38:13 AM
Altitude 149 meters
Monday, 14.10.2024

अमर उजाला

जनता कॉलेज के 32 छात्रों को मिली नौकरी

जिनेवा व वमशा एग्रो इंडस्ट्रीज ने कॉलेज में 100 से ज्यादा छात्रों का लिया साक्षात्कार

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज में बीएससी व एमएससी के छात्र-छात्राओं के लिए कराए गए प्लेसमेंट में 32 छात्रों को दो कंपनियों में नौकरी मिली है।

कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेज में जेनेवा क्रॉप साइंस प्राइवेट लिमिटेड आगरा और वमशा एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन किया है। इसमें कॉलेज के 100 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

जिनेवा कंपनी के प्रतिनिधि रवि कुमार भारद्वाज व वमशा एग्रो के डायरेक्टर शशांक भारद्वाज ने कृषि के छात्रों को स्वरोजगार की तरफ प्रेरित किया। उन्होंने कहा वर्मी कंपोस्ट ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड का निर्माण हम घर पर ही कर सकते हैं जिससे हम अपनी आय को बढ़ाकर अन्य को भी रोजगार देने का काम कर सकते हैं।

उन्होंने सभी छात्रों को निशुल्क ट्रेनिंग देने की बात की और कहा जो भी विद्यार्थी ट्रेनिंग का इच्छुक है वह अपना रजिस्ट्रेशन कर सकता है। इसके साथ ही उसे इसका मानदेय भी दिया जाएगा।

जनता कॉलेज में साक्षात्कार लेते प्रतिनिधि। संवाद

सेवायोजन व कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ.संजय कुमार विश्वकर्मा ने कॉलेज के बारे में सभी जानकारी दी।

वरिष्ठ प्रोफेसर पीके राजपूत ने विद्यार्थियों को अपनी डिग्री करने के बाद कैसे सफल हो और अधिक ऊंचाई तक पहुंचकर अधिक आय अर्जित कर पाए इसके मूल में जाकर छात्रों को प्रेरित किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजेश किशोर त्रिपाठी ने प्लेसमेंट से चयनित हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

क्रिकेट मैच में औरैया ने इटावा को हराया

यंशराज बने सीनियर फुटबॉल टीम के कप्तान